दैनिक जागरण 11/12/2024

मानवाधिकार के प्रति हर व्यक्ति हो जागरूक

जागरण संवाददाता • अंबाला: गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी में छात्र प्रगति और पूर्व छात्र प्रकोष्ठ तथा राजनितिक विज्ञान विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन विशेष रूप से किया गया जिसका विषय "असमानताओं को कम करना और मानव अधिकारों को आगे बढ़ाना" रहा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त कर्नल विशाल अत्री उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि यह उस दिन की याद दिलाता है जब 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा को अपनाया था। यह घोषणा एक ऐतिहासिक दस्तावेज़ है जो उन अहस्तांतरणीय अधिकारों को स्थापित करती है। डा. सरोज, कार्यक्रम की संयोजक डा. तृप्ति शर्मा ने बताया कि जहां वर्ष 2023 में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस की थीम सभी के लिए स्वतंत्रता, समानता और न्याय है। इसी तरह जीएमएन कालेज अंबाला कैंट में वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट, फिट इंडिया हेल्दी इंडिया और फिट इंडिया में योग थीम पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।



जीएमएन कालेज में यूथ रेडक्रास सदस्य मानवाधिकार दिवस पर रैली निकालते हुए।

डा. कुलदीप को वैज्ञानिक आफ द ईयर अवार्ड : जीएमएन कालेज के डा. कुलदीप यादव को वैज्ञानिक आफ द ईयर अवार्ड 2024' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनको वाराणसी स्थित बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में आयोजित 3 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय पर्यावरण विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली द्वारा दिया गया। यह पुरस्कार उन्हें प्लांट टिशू कल्चर तकनीक के माध्यम से औषधीय पौधों के संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है।